कृषि विभाग की टीम ने अवैध गोदाम पर मारा छापा, 8 हजार 668 यूरिया के बैग जब्त

निवाई। कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल के निर्देशन में कृषि विभाग का गुण नियन्त्रण अभियान उच्च गुणवत्ता का खाद बीज वितरण करने के उद्देश्य से निवाई में कृषि आयुक्तालय के गुण नियन्त्रण विभाग के संयुक्त निदेशक के. के. मंगल व जिला उर्वरक निरीक्षकों की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए झिलाय रोड पर यूरिया के अवैध भण्डारण पर कार्यवाही करते हुए 8 हजार 668 यूरिया के बैग जब्त कर सीज कर दिया।

संयुक्त निदेशक कृषि गुण नियंत्रण केके मंगल ने बताया कि किसानों को उच्च गुणवत्ता के कृषि आदान उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कृषि विभाग की टीम ने मंगलवार को सहायक निदेशक रामनिवास जाट एवं कृषि अधिकारी डा. मुकेशकुमार जाट की टीम ने निवाई में झिलाय रोड पर अवैध रूप से एक गोदाम में खाद व अन्य उर्वरकों के भण्डारण पर कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के तहत गोदाम से 4 हजार 218 भरे हुए टेकिनकल यूरिया के बैग व 4 हजार 45० खुले हुए बैग जब्त किए हैं। उन्होंने बताया कि यूरिया पर सरकार की ओर से 75 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी दी जाती है। गोदाम में कृषि यूरिया को औद्योगिक बैगों में भरा जा रहा था और ऊंचे दामों में बेचने की तैयारी थी। उन्होंने बताया कि कृषि आयुक्त के निर्देशन पर राज्य के कृषकों को उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। कृषि विभाग द्वारा किसानों को उच्च गुणवत्ता के कृषि आदानों उपलब्ध कराने को लेकर खरीफ मौसम से पूर्व सघन गुण नियन्त्रण अभियान भी अविलम्ब चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त गोदाम बिना लाईसेंस व बिना नक्शा पास करवाए उपयोग किया जा रहा था। संयुक्त निदेशक ने बताया कि गैर कृषि कार्यो में यूरिया का उपयोग करने वाले विक्रेताओ के प्रतिष्ठान के वैध अनुज्ञापत्र की जांच, गोदाम का अनुज्ञापत्र में सम्मिलित होना, विक्रय परिसर पर मूल्य सूची एवं स्टॉक स्थिति का दृश्य स्थान पर प्रदर्शन, स्टॉक रजिस्टर निर्धारित प्रपत्र में संधारण एवं अनुज्ञापत्र प्राधिकारी या अधिसूचित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित होना, स्टॉक रजिस्टर नवीनतम तिथि तक संधारण, स्टॉक रजिस्टर का बैलेन्स, परिसर में उपलब्ध माल समान होना, स्टॉक रजिस्टर एवं क्रय बिलों का मिलान, आदान विक्रय की बिल बुक निर्धारित प्रपत्र में संधारण की जांच की एवं व्यापारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। संयुक्त निदेशक मंगल ने निर्देशित किया कि किसानों को कृषि आदान विक्रेताओं को पक्का बिल अवश्य दें। जानकारी के अनुसार कृषि यूरिया के बैग की कीमत करीब 300रूपए है जबकि औद्योगिक यूरिया बैग की कीमत करीब 227० से अधिक है। इस प्रकार किसानों से लाखों रूपए लूटने की तैयारी की जा रही थी।

अवैध गोदाम पर कार्रवाई करते हुए कृषि विभाग के अधिकारी।

■ कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल के निर्देशन में हुई कार्यवाही, यूरिया की कीमत 300 रूपए व औद्योगिक यूरिया की कीमत 2270 रूपए, किसानों से लाखों रूपए लूटने की थी तैयारी

मंगलाचार कार्यक्रम आयोजित

निवाई। जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा नसिंया जैन मंदिर के पास महावीर जयंती के महोत्सव के तहत शहर में घर घर मंगलाचार कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सैकडों महिलाओं ने भाग लिया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभांरभ विमला देवी, पंकज जैन, रेखा भाणजा, राजकुमारी गिन्दोडी एवं आरव जैन ने भगवान महावीर स्वामी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का मंगलाचरण प्रियंका पराणा, निकिता जैन, राशि जैन, सीमा जैन एवं गुंजन जैन ने सामूहिक नृत्य के साथ किया। उन्होंने बताया कि घर घर मंगलाचार कार्यऋम में भगवान महावीर का दरबार, पालना झूलाया, राजा सिद्धार्थ के साथ सामूहिक नृत्य जैसे अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यऋम आयोजित किए गए। महिलाओं ने भगवान महावीर स्वामी के गीतों एवं भजनों पर जमकर नृत्य किए। राकेश संघी ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत मनीषा पहाडी, विनीता बगडी, मैना जैन, मंजू जैन, नीलम सोगानी, अर्चना सेदरिया, आभा जैन, आशा जैन, अनिता गोयल, राशि बोहरा, विमला पीपलू, अंजू जैन व रेखा जैन सहित कई महिलाओं एवं बालिकाओं ने भगवान महावीर स्वामी की महिमा पर सामूहिक घर घर मंगलाचार कार्यक्रम करके भगवान महावीर का महत्व बताया।

सार-समाचार

कौशल नरेश ने संभाला पदभार

मालपुरा,(निस) मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय मालपुरा मे प्रशासनिक अधिकारी बने कौशल नरेश शर्मा निवासी मालपुरा ने मंगलवार को पदभार संभाला। कार्यालय स्टाफ कर्मियो ने एंव मित्रगणो ने कौशल शर्मा का पगडी व माला पहना किया स्वागत अभिनन्दन। इस दौरान प्रवीण काबरा, अरविन्द कुमार,पंकज नीमावत,असद मलिक,हनुमान जांगिड,केशव पारीक, भवानीराम, पवन, राजेश, अनिल, सफीक,जाहिद, राजकुमार,हनुमान प्रसाद, आदि मौजूद रहै।

ऑपरेशन के लिये 29 रोगियो का हुआ चयन

मालपुरा (निस) रोटरी क्लब मालपुरा सीटी एवं जिला अंधता निर्वाण समिति टोंक के संयुक्त तत्वाधान मे मंगलवार को आदिनाथ धर्मशाला मालपुरा मे नि:शुल्क मोतियाबिन्द जांच एवं नैत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। क्लब के असिस्टेंट गर्वनर डॉ. अंकित जैन,क्लब अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन,डॉ. एचएस पारीक,पार्षद रमेश पारीक,शेरसिंह राजावत व सुनिल जैन ने दीप प्रज्जवल्लित कर शिविर का शुभारम्भ किया। डॉ. अंकित ने बताया कि शिविर मे नैत्र विशेषज्ञ चिकित्सको ने 100से अधिक नैत्र रोगियो की नि:शुल्क जांच कर जरूरतमंद रोगी को चश्मे वितरित किये गये। जांच के दौरान 29 नैत्र रोगियो का नि:शुल्क ऑपरेशन के लिये चयन किया गया। जिनका जयपुर मे नि:शुल्क ऑपरेशन किया जायेगा।

अवैध बजरी परिवहन करते ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त

टोंक। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विकास सांगवान द्वारा अवैध बजरी खनन व परिवहन रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थानाधिकारी पीपलू उदयवीर सिंह के नेतृत्व मे गठित टीम ने अवैध बजरी परिवहन करते हुये एक ट्रेक्टर मय ट्रोली को जब्त किया गया तथा मौके का फायदा उठाकर चालक फरार हो गया। जिसके खिलाफ एमएमडीआर एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

लापता बुजुर्ग की कुएं में गिरने की आशंका

पीपलू। झिराना थाना अंतर्गत गांव जवाली में कैलाश यादव उम्र 6० वर्ष 2 दिन से लापता था परिजनों ने झिराना थाना में पहुंचकर गुमशुदी की रिपोर्ट दर कराई गई थी। वहीं परिजनों द्वारा तलाश करने पर नदी में बने एक कुएं पर कैलाश यादव की लाठी दिखाई दी गई जिसके चलते परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से सोहरा डालकर कुएं में ढूंढने की कोशिश की तो लापता युवक का कुएं मे उसका साफा नजर आया ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी गई जिसके चलते। प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई उसको भी सफलता नहीं मिली लगातार टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है। कुएं से पानी निकालने के दौरान मिट्टी का रिसाव हो गया है। प्रशासन की सहायता से सुबह से लगातार तीन जेसीबी मशीन एलएनटी द्वारा निकालने की कोशिश की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक कोई सफलता हासिल नहीं मिली। इस दौरान पीपलू एसडीएम गणराज बडगोती, पीपलू तहसीलदार कैलाश चंद मीणा, झिराना थाना अधिकारी राजेंद्र ताडा, कैलाश भंडारी सहित कहीं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर संपन्न

निवाई। श्री मंगल आरोग्य धाम नेचुरोपेथी हॉस्पिटल के तत्वावधान में योग व नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। योग प्राकृतिक चिकित्सक डॉ.रविकांत शर्मा ने बताया कि सुबह 7 से 9 बजे तक गांव गुंसी में रामाज रिसोर्ट के सामने योग व नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवक व युवतियों को योगा की जानकारियां देते हुए उनको विशेष चिकित्सा परामर्श दिया गया।

पेयजल संकट से परेशान होकर मिनी सचिवालय पहुंचे लोग

अलवर। अलवर शहर के ब्रह्मचारी मोहल्ला, अखैपुरा मोहल्ला और खाटू श्याम मंदिर के आस-पास के तीन वार्डों के लोग पिछले 15 दिनों से धक्के खाने को मजबूर हैं। पानी का संकट तो 2 महीने से है लेकिन अब एक बूंद पानी नहीं आ रही। चौथी बार अफसरों से शिकायत करने पहुंचे हैं। फिर भी कोई समाधान नहीं हो सका है।

महिला ने बताया- पिछले दो-तीन महीनों से पानी की भारी किल्लत है। पिछले 15 दिनों में पांच बार कलेक्ट्रेट और जलदाय विभाग आ चुके हैं। कलेक्टर और जलदाय विभाग के अधिकारियों को शिकायत से अवगत करा चुके हैं लेकिन अधिकारी एक-दूसरे पर टालते हैं। हम ऑफिस में आने पर कभी ऊपर की मंजिल भेजते हैं कभी नीचे जाना पडता है। विभाग के जेईएन से नई बोरिंग लगवाने को कहा तो साफ जवाब दिया कि बोरिंग नहीं लगेगी। जिससे साफ जाहिर हो गया कि प्रशासन आमजन की सुध नहीं लेना चाह रहा है। अब पानी का संकट इतना बढ़ गया कि आसपास से भी नहीं मिल पा रहा है। यहां लोगों ने चेताया कि अगर उनकी समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया तो वे धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।

इधर जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर शहर की पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु मिनी सचिवालय के कमरा नंबर 108 में वॉर रूम स्थापित किया गया है जिसके दूरभाष नम्बर 0144-2338000 हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश कुमार डागुर ने बताया कि वॉर रूम अलवर शहर की पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु राजकीय अवकाश सहित सातों दिन 24 घंटे निरन्तर कार्य करेगा।

विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग

निवाई। झिलाय रोड पर स्थित कार्यालय के बाहर लगे हुए विद्युत ट्रांसफर में अचानक ही आग लग गई। जिससे अफरा तफरी मच गई। ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना वार्ड पार्षद महेंद्र कुमार जैन ने अहिंसा सर्किल स्थित विद्युत विभाग कार्यालय पर पहुंचकर सूचना दी। तत्काल विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने विद्युत आपूर्ति को बन्द किया। ट्रांसफार्मर में भीषण आग की लपटें उठने लगी। आग लगने की सूचना नगर पालिका में फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की गाडी मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। इस दौरान करीब 20 मिनट तक वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। मौके पर सैकडों लोगों की भीड जमा हो गई। आग बुझाने के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारी व एफआरटी टीम के लोग घटनास्थल पर पहुंचे।

108 कुंडीय महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ की तैयारियों का लिया जायजा

पावटा। क्षेत्र की सर्वांगीण उन्नित के लिए विश्व विख्यात सिद्ध योगी बाबा बालकनाथ जी की तपोस्थली एवं महासमाधि स्थल बावडी मैन रोड दिल्ली पावटा में बाबा बस्तीनाथ महाराज के सान्निध्य में 11 अप्रैल 2024 से 6 अप्रैल 2025 तक चल रहे 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ का 6 अप्रैल रविवार को बडे राजनेताओं व प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में महायज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर बडे राजनेताओं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री भारत सरकार भूपेंद्र यादव के आगमन को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। कार्यक्रम को सही तरीके से आयोजित करने को लेकर जिला प्रशासन पिछले एक सप्ताह से भी अधिक समय से दिन-रात मेहनत कर रहा है। बडे राजनेताओं के आगमन को लेकर हेलीपैड बनाये गये हैं। पूरे इलाके की बैरिकेडिंग करवायी गयी है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बडे राजनेताओं के आगमन को लेकर विभिन्न जिलों से पुलिस पदाधिकारी को भी सुरक्षा के लिए बुलाये गए है। लगातार पदाधिकारी कार्यक्रम स्थल का जायजा ले रहे हैं। वही कोटपुतली बहरोड जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, एडीएम ओमप्रकाश सहारण, पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय, डीवाईएसपी शिप्रा राजावत, तहसीलदार संजय खेदड सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल बावडी पहुंच कर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान जयपुर ग्रामीण सासंद राव राजेंद्र सिंह, विधायक कुलदीप धनकड, बानसूर विधायक देवीलाल भी मौजूद रहे। सांसद, विधायक ने उच्च अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया। इस दौरान सांसद राव राजेंद्र सिंह, विधायक धनकड सहित तमाम पदाधिकारियो ने हेलीपैड का जायजा लिया।

■ जिला कलेक्टर, एडीएम, एसपी सहित अधिकारियों ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा, सांसद, विधायक ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

सुपरफास्ट ट्रेन का ठहराव

गोविंदगढ़ /अलवर। गोविंदगढ़ कस्बे के रेलवे स्टेशन एवं क्षेत्र की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव एवं विधायक सुखवंत सिंह प्रयास से आज दिनांक आज दिनांक 1 अप्रैल 2025 को 04191/92मथुरा-गंगापुर सिटी-मथुरा सुपर फास्ट स्पेशल रेल सेवा का वाया गोविंदगढ़ होकर संचालन भारतीय रेलवे ने विभिन्न रेलवे संघों की मांग और अलवर मथुरा रेलखंड पर ट्रेनों की भारी कमी को देखते हुए, यात्रियों की सुविधा हेतु नई रेलसेवा का 91 ट्रिप के लिए संचालन किया जा रहा है।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य ने एक अचल सम्पत्ति फ्लेट संख्या 301, एम्पल पॉम बी-196, वापू नगर, जयपुर जिसको श्रीमती रितु जैन पत्नी श्री रशि कांत जैन, निवासी-1096, एन्थनी स्कूल के पास, सेक्टर-9, फरीदाबाद, हरियाणा ने अपने पिता से वसीयत मे प्राप्त होना बताया है से खरीद करने का करार किया है। उपरोक्त करार के सम्बन्ध मे यदि किसी उत्तराधिकारी, व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को इस करार के सम्बन्ध मे कोई आपत्ति हो तो वह मुझसे मेरे कार्यालय मे मय दस्तावेजात उपस्थित होकर आज से 07 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करे। उक्त 07 दिन अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही समझी जावेगी। सूचित रहे।
जयपुर (विजय कुमार) एडवोकेट, मो.-9828551561
दिनाक 2/684, जवाहर नगर, जयपुर

PUBLIC NOTICE
General public is hereby duly informed that my client shri Tribhuwan Pati s/o shri Braj Mohan Singh, aged 61 years, resident of 23, Svadheen Marg, Hava Sadak, Jaipur, has served all duties as father genuinely, for his son Yashasyi Singh, aged 26 years.
Due to bad habits of Yashasvi Singh, my above mentioned client has disowned and debarred his said son (and his would be heirs/ successors) from all his (my client's) movable and immovable properties.
Anybody dealing with Yashasvi Singh will do so at his/her/their own risk and responsibilities. My client will not be responsible for any act, deed, dealings etc done by Yashasvi Singh. If he or any person(s) sent / directed by him or supporting him enters without permission, with mala fide intention forcefully my house, office etc and/or does harm, abuses, attacks, manhandles me/ my property during transit, in market, bank, at any public/ private place etc then he/she/ they ll liable for severe legal consequences
Now onwards he will not be related to me regarding any family, social, financial, religious, legal issues.
I will not be responsible for his (or on behalf of his) any act, dealings etc.
This is irrevocable.
Informing all through this public notice.
(Tribhuwan Pati) (client) (Vijay Sharma) Advocate

वन मंत्री ने किया तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण

अलवर । पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शहर के स्कीम नं. 4 पहाडगंज लड्डू ख्वास की बगीची में तालाब निर्माण के कार्य व जल संरक्षण हेतु भूरा सिद्ध मंदिर के आस- पास के क्षेत्र का अवलोकन किया। मंत्री शर्मा ने नगर निगम के आयुक्त को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्तायुक्त सामग्री का विशेष ध्यान रखे तथा कार्य को समयबद्ध रूप में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

साथ ही इसे प्रकृति के अनुरूप सुंदर स्वरूप देकर पाथ-वे बनवाए, अधिक से अधिक पौधारोपण करावे, सौलर लाइट लगवाए तथा जल संरक्षण कार्यों के साथ लोगों के घूमने की रमणिक जगह के रूप में विकसित करावें। उन्होंने भूरा सिद्ध मंदिर के पीछे वर्षा जल को संरक्षित करने हेतु एनीकेट बनाने के प्रस्ताव बनाने के दिए निर्देश।उन्होंने निर्देश दिये कि एनिकट का निर्माण इस प्रकार कराया जाए कि बारिश का पानी बहकर व्यर्थ न जाए इसके लिए जरूरी है उस पानी को सहेज कर रखें। उन्होंने कहा कि इनका निर्माण कार्य पूर्ण होने पर आस पास के क्षेत्र का जल स्तर सुधरेगा, जिसके पानी का लाभ आमजन को मिल सकेगा। उन्होंने निर्देश दिये कि यूआईटी व नगर निगम शहर में जल संरक्षण हेतु आमजन को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण कराने के लिए प्रेरित करे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पेयजल समस्या के तत्कालीन समाधान हेतु कंटीजेंसी फण्ड में वृद्धि की है। साथ ही शहर में नई बोरिंग कराने की स्वीकृति भी दी है जिनको चालू करने के कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपने दोनों बजटों में अलवर जिले की पेयजल समस्या के समाधान हेतु विभिन्न सौगातें दी है जिनमें सिलीसेढ से टयूबवैल व पाईप लाईन के माध्यम से अलवर शहर को पेयजल उपलब्ध कराना। शहर की विभिन्न कॉलोनियों में जल प्रदाय सुविधा विकसित कराने, भाखेडा-अलवर एनीकट का निर्माण / मरम्मत एवं जीर्णोद्वार कार्य, नटनी का बारां वियर से जससमंद बांध-अलवर तक निर्मित नहर का उन्नयन, डूंगरी बांध से अलवर रिजर्ववायर का निर्माण जैसी घोषणाएं शामिल हैं।

स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन

श्रीमाधोपुर। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा श्रीमाधोपुर द्वारा भारतीय नवसंवत्सर एवं समरसता दिवस के अवसर पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्रीमाधोपुर में जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल खर्रा के सानिध्य में मनाया गया। इस अवसर पर प्रभुदयाल खर्रा ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि के नवे दिन भगवान श्रीराम का जन्म तथा आर्य समाज की स्थापना हुई थी यह दिन कल्प सृष्टि युगादि का प्रारंभिक दिन है। इस मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान जिला संगठन मंत्री गोकुल जांगिड़, प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा, उपशाखा अध्यक्ष देशराज, मंत्री बंशीधर यादव, ओमप्रकाश तंवर आदि मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

दौसा। जयपुर-आगरा हाइवे सहित जिलेभर में सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को यहां जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दीर्घकालीन एवं तात्कालिक उपाय करने सहित दुर्घटना संभावित सभी ?लेक स्पॉट्स पर समुचित लाइट्स व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने सडक दुर्घटनाएं रोकने पर बिन्दुवार विस्तृत चर्चा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

सडक सुरक्षा समिति की गत बैठकों में जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को राष्ट्रीय राजमार्गों पर सडक दुर्घटनाओं के कारणों की तह में जाकर सुरक्षित यातायात के लिए लघु एवं दीर्घकालीन ठोस उपाय करने के निर्देश दिए थे। इस पर एनएचएआई ने अवैध मीडियन कट को हटाने की कार्यवाही की और सर्वे कर ?लेक स्पोट्स चिह्नित किए। ऐसे ?लेक स्पोट्स पर आवश्यक पुलियाएं बनाने पर चर्चा की गई। एनएचएआई अधिकारियों ने बताया कि सभी दुर्घटना संभावित स्थलों पर समुचित लाइट व्यवस्था का कार्य शीघ्र शुरु किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जयपुर-आगरा हाइवे पर कैमरों से गहन मॉनिटरिंग के लिए एटीएमएस प्रणाली की बजट घोषणा की गई है। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने हाइवे पर मीडियन पर अवैध कट करने वालों को चिह्नित कर नामजद मुकदमा दर्ज करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने हाईवे पर निर्धारित लेन एवं शेल्टर में ही बसें रुकवाने के निर्देश दिए। उन्होंने मांग अनुरूप हर समय क्रेन एवं फायर ब्रिगेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नाम परिवर्तन
मैं घोषणा करता हूँ कि मैं भानु प्रताप सिंह गोपालिया के नाम से जाना जाता था। मैंने अपना नाम आधार कार्ड संख्या 404572025938 के आधार पर भानु प्रताप सिंह कर लिया है। भविष्य में मैं इसी नाम से जाना जाऊंगा किसी भी अन्नियमता के लिए सम्पर्क करें 79001797441

खोया पाया
मेरे आवास संख्या 75/286 प्रताप नगर का Declaration (Handing Over Taken Over) कहीं खो गया है। सूचित करें- 9785222207

गणपति गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड की योजना गणेश विहार विस्तार, चन्दलाई के प्लाट नंबर एफ-40-ए, चन्दलाई तहसील चाकसू, जयपुर की मूल रजिस्ट्री जयपुर में खो गयी है मिलने पर सूचित करें-माला अग्रवाल मो. 9602357456

निजी खातेदारी की योजना गोवर्धन विहार ब्लाक-आई-243 ग्राम गोरधनपुरा का जेडीए से जारी मूल पट्टा स्टाम्प पेपर एवं साईट प्लान जयपुर में कहीं खो गए है मिलने पर सूचित करें-शिल्पी मो. 9413493407

मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की आवासीय योजना राधा स्वामी नगर, वाटिका रोड, सांगानेर के भूखण्ड संख्या 88 का सोसायटी द्वारा जारी मूल रसीद कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें। रामेश्वर चौधरी-9828299124

आरोपी गिरफ्तार

निवाई। निवाई थाना पुलिस ने अपहरण कर ज्यादती करने एवं पीडिता की फोटो व वीडियो वायरल करने के दर्ज प्रकरण में कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के आदेशों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह भाटी व डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के निकट सुपरविजन में दर्ज प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए थानधिकारी के नेतृत्व में कानि.मुकेश कुमार, विनोद कुमार, आसाराम व राजेश की टीम गठित की गई। गठित टीम ने आरोपी के गंगापुर सिटी सहित कई अन्य स्थानों पर दबिश दी। लेकिन आरोपी शातिर होने के कारण पुलिस के चंगुल में नहीं आया। टीम को आरोपी के जामडोली जयपुर में होने की जानकारी मिली। इस पर टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को डिटेन किया और गिरफ्तार कर लिया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

पूंजीपतियों ने दलित वर्ग मोहल्ले में जाने वाले आम रास्ते को फाटक लगाकर किया अवरुद्ध

देवली। देवली पालिका प्रशासन से मिलकर कुछ महाजन वर्ग के पूंजीपतियों ने दलित वर्ग मोहल्ले में जाने वाले आम रास्ते को फाटक लगाकर अवरुद्ध कर दिया है । इस मामले की जानकारी पिछले चार दिनों से टोंक जिला कलेक्टर डॉ सौम्या झा और देवली उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा को बखूबी तौर पर पहुंचाई गई है। बावजूद इसके दलित वर्ग के घरों तक जाने वाले आम रास्ते को बंद रखने के लिए लगाई गई बड़ी-बड़ी बड़ी लोहे की फटकों को हटाने की कार्रवाई अब तक नहीं हो सकी है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने लगभग 75 वर्ष पहले देवली नगर पालिका की स्थापना की थी इस दौरान नगर नियोजक अधिनियम के तहत देवली नगर पालिका ने शहर की बसावट का अध्ययन किया था। इसी के अंतर्गत 75 वर्ष पहले पालिका प्रशासन ने शहर के प्रत्येक वार्ड की गली मोहल्ले तक जाने के लिए सुलभ रास्तों का निर्माण करवाया था । ताकि शहर वासियों को भविष्य में सुलभ मार्गो का पूरा-पूरा लाभ मिलता रहे। लेकिन यहां शनिवार को पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन और पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा की मिली भगत के चलते वार्ड नंबर 6 के एक आम रास्ते को लोहे की बड़ी-बड़ी फाटके लगाकर बंद कर दिया गया है। उल्लेखनीय की यह आम रास्ता वार्ड नंबर 5 एवं वार्ड नंबर 4 के खटीक और बेरवा मोहल्ले तक जाने के लिए सुलभ मार्ग तौर पर उपयोगी बना हुआ था। जिसे चंद पूंजीपतियों ने वार्ड पार्षद संजय सिंघल के साथ मिलकर सुरेश कुमार मीणा से मिलजुल कर बंद कर दिया है ।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 6 के पार्षद के दो रिश्तेदारों ने मात्र 60 फीट की दूरी पर दो लोहे की फाटके लगाकर आम रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। जिससे प्रथम प्रतीत होता है कि पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन ने और पालिका के अधिशाषी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने यहां रहने वाले दो-तीन परिवारों को फायदा पहुंचाने के लिए इस अतिक्रमण को अनदेखा कर दिया है। यहां आम रास्ते को अवरुद्ध करने जैसे हालातो पर यह साफ तौर पर देखा जा सकता है कि दलित वर्ग के मोहल्ले रहने वाले व्यक्तियों एवं परिवार को आए दिन आवागमन में परेशानी होगी। और धीरे-धीरे इस रास्ते पर कब्जा हो जाएगा। ऐसे में यहां दलित और आम परिवारों का मानना है कि पालिका अधिकारी सुरेश कुमार मीण और चंद पूंजीपतियों की सोची समझी साठगांठ का खामियाजा दलित सहित आम वर्ग के लोगों को उठाना पड़ेगा। ऐसे हालातों की जानकारी मीडिया द्वारा टोंक जिला कलेक्टर देवली उपखंड अधिकारी पालिका अधिशासी अधिकारी, पालिका अध्यक्ष को पिछले 4 दिनों से लगातार दी गई है । ऐसे में आम रास्ते पर लगाए गए लोहे के गेटो को हटाने की कारवाई अब तक नहीं की गई है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि देवली पालिका प्रशासन के अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने शहर के वार्ड नंबर 6 में सार्वजनिक मार्ग को फाटक लगाकर बंद करने की अनुमति किस नियम के तहत दी गई है। जिसे हटाने में वह पूरी तरह नाकाम बने हुए हैं।

मनोज कुमार मीणा, उपखंड अधिकारी, देवली टोंक का कहना है कि चार दिन पहले यह मामला मेरे सामने आया था। मैने पालिका के अधिशाषी अधिकारी को कारवाई करने के लिए कहा है। सुरेश कुमार मीणा, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, देवली टोंक का कहना है कि जो गेट लगाए गए है वह बंद नहीं होंगे खुले रहेंगे पूरे जयपुर में सभी जगह गेट लगा रखे हैं । जिन्होंने गेट लगाया उन्हें बुलाया है जब गेट हटेंगे तब बात कर लेंगे। अगर नियमों में होगा तो देख लेंगे।

पूंजीपतियों ने दलित वर्ग मोहल्ले में जाने वाले आम रास्ते को फाटक लगाकर अवरुद्ध किया।

ईशर गणगौर की निकली सवारी

राजगढ़। कस्बे में नगर पालिका प्रशासन की ओर से दूसरे दिन ईशर गणगौर की सवारी उत्साह एवं उल्लास के साथ निकाली गई। महिलाओं ने प्रमुख मार्गो में गणगौर की सवारी का दर्शन कर स्वागत किया। कस्बे के गोविंद देव जी मंदिर से सांस्कृतिक संस्था कला संगम की ओर से अध्यक्ष बृजेंद्र अवस्थी एवं किशोर मुखर्जी सहित आने की मौजूदगी में राम दरबार सहित अन्य झांकियां सजाई गई। जो शोभा यात्रा का प्रमुख आकर्षण रही।

गोविंद देव जी मंदिर के महंत गोस्वामी दिलीप मुखर्जी, नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, विकास मंच के अनिल गुप्ता, पार्षद पवन नरूका, खेम सिंह आर्य सहित प्रमुख लोगों की मौजूदगी में गोविंद जी मंदिर से सवारी प्रारंभ हुई। ईशर गणगौर की सवारी बैंड बाजे के साथ कस्बे के माचाड़ी चौक, माली मोहल्ला, मालाखेड़ा बाजार, काकवाड़ी बाजार एवं गोल मार्केट होती ऐतिहासिक कुंड पर सवारी पहुंची। ऐतिहासिक कुंड पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर नगर पालिका प्रशासन की ओर से कुंड पर रोशनी एवं सजावट की गई। कुंड में दीप जलाए गए। इधर दो दिवसीय मेले के दूसरे दिन भारी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुषों एवं बच्चों ने मेले में आए संसाधनों एवं मनोरंजन के साधनों का भरपूर उपयोग कर लुत्फ़ उठाया। प्रमुख लोगों की ओर से आने जाने वालों के लिए शीतल पर एवं शरबत का भी प्रबंध किया गया।

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत उपखण्ड अधिकारी महोदय मुकाम सीकर
कैलाश चन्द्र शर्मा बाबत ओमप्रकाश वगैरह दावा बाबत कब्जा प्राप्ति नक्शा दुरूस्ती, घोषणा व निषेधाज्ञा मुकदमा नम्बर 69 सन् 2017
बनाम-
1. सन्दीप शर्म